प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 17.06.2023

## इंडियन बैंक ने सामाजिक सुरक्षा योजना संतृप्तीकरण अभियान आयोजन किया

चंडीगढ़, १७ जून २०२३ : इंडियन बैंक ने भारत सरकार के सामाजिक सुरक्षा योजना संतृप्तीकरण अभियान (दिनांक 1/4/23 से 30/6/23 तक) के तहत अपनी दो शाखाओं में संतृप्तीकरण अभियान का आयोजन किया गया। पहला शिविर करनाल की बोह शाखा में आयोजित किया गया और दूसरा शिविर चंडीगढ़ की लोह्संबली शाखा में आयोजित किया गया । दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री महेश कुमार बजाज ने की।

श्री बजाज ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की महत्ता पर बल देते हुए सभी लोगों से इसका अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि मात्र ₹436/- वार्षिक में ₹2 लाख का जीवन बीमा एवं मात्र ₹20/- वार्षिक में ₹2 लाख का दुर्घटना बीमा बहुत अच्छी योजनाऐं है।

कार्यक्रम में इंडियन बैंक से श्री बिजय कुमार षडंगी, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (चंडीगढ़), श्री अवनीश प्रधान, अंचल प्रबंधक (करनाल), श्री रनंजय सिंह अंचल प्रबंधक (चंडीगढ़) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

Corporate Office: 254-260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah, Chennai – 600 014
Phone: 044-2813 4457, Email: ccd@indianbank.co.in
Follow us on